(a) दीवानी क्षेत्राधिकार -(Civil jurisdiction) :—
दीवानी न्यायालय के रूप में संघीय न्यायालय का क्षेत्राधि
की काफी व्यापक है। यह संघ और कैण्टनों के बीच
विवाद, विभिन्न कैण्टनों के बीच पारस्परिक विवाद, संघ
और किसी निगम, कम्पनी या साधारण नागरिक के
बिच उत्पन्न विवाद को यदि वह 4 हजार फ्रैंक से कम
न हो सुन सकता है। वाणिज्य कानून, कापीराईट और
औद्योगिक आविष्कारों से सम्बन्धित विवादों को भी
सुनने का अधिकार न्यायालय को है।

(b) फौजदारी क्षेत्राधिकार — संविधान की धारा 112 में इस
क्षेत्राधिकार को स्पष्ट किया गया है। उसके अनुसार निम्न
विवादों को न्यायालय सुन सकता है —
(i) संघ के विरुद्ध राजद्रोह अथवा संघीय सत्ताओं के
विरुद्ध विद्रोह या हिंसा से सम्बन्धित विवाद
(ii) राजनीतिक अपराध के ऐसे प्रकरण जिसके लिए संघीय
सेना की जरूरत पड़ गई हो।
(iii) संघीय उच्च अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ
अधिकारियों के विरुद्ध लगाये गये फौजदारी अभियोग।
(iv) अन्तर्राष्ट्रीय कानून के विरुद्ध दोष

(c) सांवैधानिक क्षेत्राधिकार — इसके अन्तर्गत न्यायालय
संघ और कैण्टनों के मध्य विवाद, कैण्टनों के पारस्परिक
संवैधानिक विवाद तथा संघ एवं कैण्टनों के संविधानों
तथा कैण्टनों की संधियों और समझौतों के अनुसार
नागरिकों को दिये गये अधिकारों के अतिक्रमण सम्बन्धी
विवादों को सुनती है।

संघीय न्यायालय का संवैधानिक
कार्य-क्षेत्र काफी सीमित है। उसे संघीय कानूनों की
संवैधानिकता की जाँच करने का अधिकार नहीं है
जैसा कि अमेरिकी संघीय न्यायालय की स्थिति
इस क्षेत्र में प्रभावशाली है वह उसे न्यायिक समीक्षा
का अधिकार है। लेकिन स्विस ने भी इस शक्ति

(4) को निरूपित कर लिया है। यह प्रान्तीय सरकारों के कानूनों या अधिकारों के आदेशों को अवैध घोषित कर सकती है। स्विटजरलैण्ड में न्यायिक लोपनता को स्थापित नहीं किया गया है।

(d) प्रशासनिक क्षेत्राधिकार — ऐसी व्यवस्था है कि फेडरल प्रशासनिक अभियोगों, सरकारी कर्मचारियों के वैधानिक क्षमता सम्बन्धी विवादों तथा कुछ अन्य प्रशासनिक विवादों पर विचार कर न्यायालय अपना निर्णय देता है।

2. अपीलीय क्षेत्राधिकार — अपीलीय न्यायालय के रूप में फेडरल ट्रिब्युनल का कार्य अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। स्विटजरलैण्ड में अधिकांश मामलों का निपटारा कैन्टनों के उच्च न्यायालयों में ही हो जाता है। ऐसे अवसर काफी कम आते हैं कि किसी मामले पर फेडरल ट्रिब्युनल तक अपील की जाए, फिर भी निम्न मामलों में ट्रिब्युनल में अपील की जा सकती है।

(i) दस हजार फ्रैंक या उससे अधिक धनराशि के मामले।

(ii) कैन्टनों के न्यायालय के निर्णयों के विरुद्ध अपील में यह आवश्यक है कि इस प्रकार की अपीलें कैन्टनों के न्यायालय के निर्णय के [illegible] 30 दिन के भीतर फेडरल ट्रिब्युनल के पास कर दी जाए।

इस प्रकार स्विस संघीय न्यायालय की सर्वोच्चता का सिद्धान्त लागू नहीं किया गया है। इसे सच्चे अर्थों में सर्वोच्च न्यायालय नहीं कहा जा सकता। यह पूर्णतः संघीय व्यवस्थापिका के अधीन कार्यरत एक संगठन है जिसका कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। यदि संघीय परिषद व संघीय न्यायालय के बीच कार्य क्षेत्र का विवाद पैदा होता है तो संघीय सभा उसका निपटान करेगी। स्विटजरलैण्ड और अमेरिकी न्यायालय में एक अन्तर यह भी है कि अमेरिकी न्यायालय के नीचे संघीय न्यायालय है, जबकि स्विस संघीय न्यायालय के नीचे कोई न्यायालय नहीं है। इसलिए स्विस संघीय न्यायालय को स्वतंत्र व शक्तिशाली न्यायपालिका नहीं कहा जा सकता। हैंस ह्यूबर का कथन हम सहमत हो सकते हैं कि "स्विस लोग सामूहिक रूप से लोकतंत्र को और सार्वजनिक इच्छापूर्ति को संवैधानिकता से ऊपर मानते हैं।"